भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4795
सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र, 1942 (शक)

रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत रोजगार के इच्छुक व्यक्ति

4795. श्री राहुल गांधीः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश के रोजगार कार्यालयों में लाइव-रजिस्टर पर पंजीकरण कराने वाले रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान 15-29 वर्ष के आयुवर्ग वाले रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान अधिसूचित, भरी गई, रद्द की गई और शेष रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नियुक्त होने वाले रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या मंत्रालय ने रोजगार कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के आधर पर बेरोजगारी की स्थिति का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो उसके मुख्य निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर सभी आयु के राज्य-वार एवं 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के पंजीकृत रोजगार चाहने वाले, जिनमें यह आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, की उपलब्ध सीमा तक संख्या अनुबंध-। एवं ।। में दी गई है।

(ग): राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, 2015, 2016 और 2017 के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से अधिसूचित रिक्तयों एवं नियोजन की संख्या उपलब्ध सीमा तक निम्नानुसार हैः

| अधिसूचित रिक्तियां एवं नियोजन की संख्या (लाख में) | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | 2015 | 2016 | 2017 |
| अधिसूचित रिक्तियां | 8.10 | 14.01 | 8.13 |
| नियोजन | 3.95 | 4.05 | 4.25 |

(घ): राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, देश में 2014, 2015 तथा 2016 के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नियोजित किए गए रोजगार चाहने वालों की संख्या का उपलब्ध सीमा तक श्रेणी-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| रोजगार चाहने वालों का श्रेणी-वार नियोजन (हजार में) | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| **2014** | **22.3** | **24.2** | **10.2** |
| **2015** | **26.7** | **28.1** | **11.3** |
| **2016** | **29.2** | **26.9** | **8.7** |

(ङ): राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कुछ प्रमुख निष्कर्ष इस प्रकार है (i) वर्ष 2017 में देश में कार्य कर रहे 76 विश्वविद्यालयों रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो (यूईआईएंडजीबी) सहित 997 रोजगार कार्यालय हैं तथा राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों से रिपोर्टानुसार दिसम्बर, 2017 (उपलब्ध सीमा तक) के अंत में देश में रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर 424.4 लाख रोजगार चाहने वाले, जिनमें यह आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, पंजीकृत थे।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है। ये सेवाएं राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

एनसीएस परियोजना में रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों एवं अन्य संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना की परिकल्पना भी की गई थी। सरकार ने 200 आदर्श करियर केंद्रों की स्थापना को अनुमोदन प्रदान किया है। सरकार प्रस्तावों एवं योजना के दिशा-निर्देशों के आधार पर इन केंद्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ये आदर्श करियर केंद्र राज्य द्वारा उनके स्वयं के संसाधनों से बनाए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्ति, एनसीएस परियोजना में रोजगार कार्यालयों को एनसीएस के साथ परस्पर जोड़ने का घटक है तथा रोजगार कार्यालय में अवसंरचना के उन्नयन तथा रोजगार मेलों के आयोजन हेतु राज्यों को केंद्रीय निधिकरण प्रदान किया जाता है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा के दिनांक 23.03.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4795 के भाग (क एवं ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**देश में दिसम्बर के अंत तक रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों का उपलब्ध सीमा तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा**

| चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वाले (लाख में) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र** | **2015** | **2016** | **2017** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 9.01 | 9.14 | 9.23 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.75 | 1.00 | 1.03 |
| 3 | असम | 18.13 | 19.27 | 19.07 |
| 4 | बिहार | 6.76 | 7.81 | 7.90 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 17.94 | 21.57 | 23.11 |
| 6 | दिल्ली | 12.63 | 12.63 | 12.63 |
| 7 | गोवा | 1.33 | 1.19 | 1.19 |
| 8 | गुजरात | 6.77 | 5.98 | 5.32 |
| 9 | हरियाणा | 7.38 | 7.65 | 6.24 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 8.20 | 8.31 | 8.35 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 2.79 | 2.52 | 2.33 |
| 12 | झारखंड | 5.70 | 4.97 | 4.79 |
| 13 | कर्नाटक | 3.53 | 3.42 | 3.39 |
| 14 | केरल | 36.16 | 35.60 | 35.00 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 17.15 | 15.97 | 19.56 |
| 16 | महाराष्ट्र | 36.86 | 36.76 | 37.15 |
| 17 | मणिपुर | 7.41 | 8.10 | 3.73 |
| 18 | मेघालय | 0.42 | 0.42 | 0.41 |
| 19 | मिजोरम | 0.32 | 0.30 | 0.36 |
| 20 | नागालैंड | 0.73 | 0.69 | 0.69 |
| 21 | ओडिशा | 10.31 | 9.94 | 10.08 |
| 22 | पंजाब | 3.56 | 3.38 | 3.14 |
| 23 | राजस्थान | 5.80 | 4.82 | 5.67 |
| 24 | सिक्किम # | - | - | - |
| 25 | तमिलनाडु | 77.51 | 77.32 | 74.70 |
| 26 | तेलंगाना | 10.09 | 9.62 | 9.57 |
| 27 | त्रिपुरा | 2.76 | 2.80 | 2.89 |
| 28 | उत्तराखंड | 7.94 | 9.28 | 9.10 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 35.05 | 32.52 | 27.11 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 78.91 | 77.67 | 77.61 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.40 | 0.43 | 0.43 |
| 32 | चंडीगढ़ | 0.24 | 0.19 | 0.19 |
| 33 | दादर और नगर हवेली | 0.09 | 0.09 | 0.09 |
| 34 | दमन और दीव | 0.10 | 0.10 | 0.10 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.19 | 0.19 | 0.19 |
| 36 | पुडुचेरी | 2.09 | 2.13 | 2.12 |
| | योग@ | 435.03 | 433.76 | 424.45 |

**स्रोत: रोजगार कार्यालय सांख्यिकी, रोजगार महानिदेशालय**

**टिप्पणी: # इस राज्य में कोई रोजगार कार्यालय कार्य नहीं कर रहा है;**

**@ हो सकता है कि पूर्णांकन के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।**

**अनुबंध-II**

**लोक सभा के दिनांक 23.03.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4795 के भाग (क एवं ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**देश में दिसम्बर के अंत तक रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत 15-29 वर्ष की आयु समूह के रोजगार चाहने वालों का उपलब्ध सीमा तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा**

| चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों आयु समूह 15-29 वर्ष (लाख में) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र** | **2014** | **2015** | **2016** |
| 1 | आंध्र प्रदेश* | 11.98 | 5.84 | 5.87 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.52 | 0.57 | 0.87 |
| 3 | असम | 12.80 | 12.71 | 13.50 |
| 4 | बिहार | 5.74 | 4.77 | 5.68 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 13.39 | 12.74 | 15.10 |
| 6 | दिल्ली | 8.09 | 8.53 | 8.53 |
| 7 | गोवा | 0.86 | 0.80 | 0.71 |
| 8 | गुजरात | 5.51 | 5.10 | 4.55 |
| 9 | हरियाणा | 5.13 | 4.92 | 5.18 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 6.54 | 5.73 | 5.48 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 1.34 | 1.27 | 1.15 |
| 12 | झारखंड | 3.50 | 3.96 | 3.53 |
| 13 | कर्नाटक | 2.57 | 2.45 | 2.38 |
| 14 | केरल | 25.12 | 24.66 | 24.15 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 15.33 | 12.81 | 11.81 |
| 16 | महाराष्ट्र | 28.38 | 26.21 | 24.69 |
| 17 | मणिपुर | 4.09 | 4.28 | 4.55 |
| 18 | मेघालय | 0.27 | 0.33 | 0.34 |
| 19 | मिजोरम | 0.25 | 0.28 | 0.23 |
| 20 | नागालैंड | 0.51 | 0.55 | 0.53 |
| 21 | ओडिशा | 7.92 | 7.56 | 7.24 |
| 22 | पंजाब | 2.43 | 2.35 | 2.26 |
| 23 | राजस्थान | 4.86 | 4.21 | 3.51 |
| 24 | सिक्किम # | - | - | - |
| 25 | तमिलनाडु | 47.08 | 44.06 | 45.41 |
| 26 | तेलंगाना | - | 5.74 | 5.39 |
| 27 | त्रिपुरा | 4.20 | 1.88 | 1.91 |
| 28 | उत्तराखंड | 6.15 | 5.70 | 6.72 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 37.40 | 20.30 | 19.03 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 45.49 | 46.84 | 45.91 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.30 | 0.29 | 0.30 |
| 32 | चंडीगढ़ | 0.27 | 0.17 | 0.13 |
| 33 | दादर और नगर हवेली | 0.07 | 0.07 | 0.07 |
| 34 | दमन और दीव | 0.05 | 0.06 | 0.06 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.12 | 0.12 | 0.12 |
| 36 | पुडुचेरी | 1.48 | 1.50 | 1.51 |
| | योग@ | **309.75** | **279.33** | **278.41** |

स्रोत: रोजगार कार्यालय सांख्यिकी, रोजगार महानिदेशालय

टिप्पणी: #इस राज्य में कोई रोजगार कार्याल कार्यरत नहीं है।;

* आंध्र प्रदेश में तेलंगाना 2014 में शामिल है।

@ हो सकता है कि पूर्णांकन के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।